**खबर संक्षेप**


## डेढ़ महीने से लापता वृद्ध का जंगल में मिला शव

**कटनी।** कैमोर थाना क्षेत्र में करीब डेढ़ महीने से लापता एक वृद्ध का कंकाल मिलने से सनसनी मच गई। जंगल में मिले शव की हालत बेहद खराब थी, जिससे चेहरा पहचानना संभव नहीं था। हालांकि, कपड़ों और शारीरिक बनावट के आधार पर परिजन और स्थानीय लोगों ने शव की पहचान की। बताया जाता है कि करीब डेढ़ महीने से पहले 70 वर्षीय बुजुर्ग रामसिंह रघुवंशी लापता हो गया था। गत सुबह लकड़ी काटने गए मजदूरों ने घास-फूस के बीच मानव कंकाल जैसी आकृति देख तुरंत पुलिस को सूचना दी। कुछ ही देर में कैमोर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्यवाही की। परिजनों ने बताया कि रामसिंह पिछले काफी समय से मानसिक अस्थिरता से जूझ रहे थे और अक्सर घर से भटक जाया करते थे। लेकिन इस बार वे लौटकर नहीं आए। परिजनों ने हर जगह तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। उनका भाई महेश सिंह मुंबई में मजदूरी करता है और रोजगार के कारण अक्सर शहर से बाहर रहता है। शव की स्थिति देखकर साफ था कि मौत कई दिनों पहले ही हो चुकी थी। पुलिस ने मौके से कपड़े और अन्य नमूने जुटाए हैं।

## नेशनल लोक अदालत में अधिभार में मिलेगी छूट

**कटनी।** नगर पालिक निगम द्वारा 13 दिसंबर शनिवार को नेशनल लोक अदालत शिविर का आयोजन नगर निगम कार्यालय सहित अन्य चार स्थलों बस स्टैंड पुलिस चौकी के पास, दुर्गा चौक खिरहनी, माधवनगर उप कार्यालय एवं सुभाष चौक कटनी में किया जाना है। लोक अदालत में करदाताओं को वर्ष 2024 - 25 के बकाया राशि के अधिभार में छूट का लाभ प्रदान किया जाएगा। महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने नगर के अधिक से अधिक करदाताओं से लोक अदालत शिविर स्थलों में पहुंचकर बकाया करों के अधिभार में मिलने वाली छूट का लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है। राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक ने बताया कि लोक अदालत में सम्पत्तिकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 50 हजार रूपये तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत तक की छूट, 50 हजार रूपये से अधिक तथा 1 लाख रूपये तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत तक की छूट, 1 लाख रूपये से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत तक की छूट दी जायेगी। उन्होंने बताया कि जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 10 हजार रुपये तक बकाया होने पर 100 प्रतिशत की छूट, राशि 10 हजार रुपये से अधिक तथा 50 हजार रुपये से कम बकाया होने पर मात्र अधिभार में 75 प्रतिशत की छूट, राशि 50 हजार रुपये से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जायेगी।

## सड़क और नाली निर्माण नहीं होने से लोग परेशान



**सिलौंडी।** सिलौंडी पंचायत के वार्ड 6 से होकर संगम कॉलोनी तक निकलने वाली गली में अभी तक ग्राम पंचायत ने सी सी रोड निर्माण और नाली निर्माण नही कराया जिसके कारण रहगीर और वार्ड वासियों को परेशानी हो रही है। नाली नही होने के कारण पूरे मार्ग में घरों का गंदा पानी बहता रहता है। पंच लक्ष्मी काछी ,सुनील काछी , राहुल काछी ,कमलेश काछी ने बताया कि आज तक हमारी गली में पंचायत से कोई भी विकास कार्य नही हुआ नाली और सीसी रोड निर्माण का अनेक बार आवेदन दिया परंतु पंचायत सिर्फ बार बार मीटर की नपाई ही करती है आज तक कोई भी निर्माण कार्य नहीं हुआ।

# मध्य प्रदेश की राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी का भाई 46 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार







सतना

मध्य प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतिमा बागरी के परिवार से जुड़े एक और हाई-प्रोफाइल मामले में उनके भाई अनिल बागरी को रामपुर बाघेलान पुलिस ने गांजा तस्करी के गंभीर आरोप में गिरफ्तार किया है। अनिल बागरी और उसके एक साथी से पुलिस ने 46 किलोग्राम गांजा बरामद किया है।

### गांजे की बड़ी खेप पकड़ी गई

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार,अनिल बागरी 40 वर्ष,निवासी भरहुत नगर, सतना अपने साथी पंकज सिंह 44 वर्ष, निवासी मरोहा के साथ सोमवार को कार नंबर एम एच 49 बीबी 9699 में गांजे की यह बड़ी खेप कहीं ठिकाने लगाने जा रहे थे। सटीक सूचना पर कार्रवाई करते हुए रामपुर बाघेलान पुलिस ने माता मोड़ के पास इन्हें धर दबोचा।

### 46 किलोग्राम गांजा पकड़ा

गांजे की अनुमानित कीमत नौ लाख बाईस हज़ार रुपये बताई जा रही है। इसी प्रकार जब्त वाहन की कीमत अठारह लाख रुपये है। दोनों आरोपियों अनिल बागरी और पंकज सिंह को नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20,29 के तहत अपराध क्रमांक 1079 /25 में गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने उन्हें तत्काल अदालत में पेश किया,जहां से दोनों को सेंट्रल जेल भेज दिया गया है।

### परिवार पर दूसरा बड़ा आरोप

यह पहली बार नहीं है जब राज्यमंत्री बागरी के किसी करीबी रिश्तेदार का नाम ड्रग्स तस्करी में सामने आया है। इससे पहले, इसी महीने की 3 दिसंबर को,उत्तर प्रदेश की बांदा पुलिस ने प्रतिमा बागरी के बहनोई शैलेंद्र सिंह सोमू उर्फ शैलेंद्र सिंह राजावत निवासी विराटनगर को भी इसी तरह के आरोप में गिरफ्तार किया था। इस मामले में शैलेंद्र सिंह सोमू अभी फरार है और पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

## सतना स्मार्ट सिटी में अनियमितताओं का मुद्दा लोकसभा में गूंजा: सांसद गणेश सिंह ने स्वतंत्र ऑडिट की मांग की



**सतना।** सांसद गणेश सिंह ने सोमवार को लोकसभा में नियम 377 के तहत सतना स्मार्ट सिटी परियोजना में हुई कथित अनियमितताओं और कार्य में गुणवत्ता की कमी का गंभीर मुद्दा उठाया। अध्यक्ष के माध्यम से, सांसद सिंह ने प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी स्मार्ट सिटी योजना की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि इस योजना में सतना को भी शामिल किया गया था। हालाँकि,उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस परियोजना के अंतर्गत अबतक कई अनियमितताएँ देखने में आई हैं। कार्य गुणवत्ता विहीन हुए हैं,पैसों के दुरुपयोग की गंभीर आशंकाएँ हैं,और इन खामियों का सीधा प्रभाव सतना की जनता पर पड़ा है। सांसद सिंह ने बताया कि नागरिकों को इस वजह से निरंतर परेशानी झेलनी पड़ी है और आज भी उन्हें अपेक्षित राहत नहीं मिल पा रही है। अतः,उन्होंने मंत्री से विनम्र प्रार्थना की कि सतना स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के अंतर्गत किए गए सभी निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की जाए और एक स्वतंत्र थर्ड पार्टी से पूरे प्रोजेक्ट का ऑडिट कराया जाए। उनका उद्देश्य जिम्मेदारों की जवाबदेही तय करना और यह सुनिश्चित करना है कि सतना की जनता को परियोजना का वास्तविक लाभ मिल सके।

## पूर्व विधायक कल्पना वर्मा का 'नशे के कारोबार' को राजनीतिक संरक्षण देने का आरोप

सतना

रैगांव सीट से पूर्व विधायक कल्पना वर्मा ने सीधे तौर पर प्रदेश की राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी पर उंगली उठाई है,आरोप है कि मंत्री अपने रिश्तेदारों को संरक्षण देकर क्षेत्र में अवैध कारोबार को बढ़ावा दे रही हैं। पूर्व विधायक कल्पना वर्मा ने कहा बाँदा पुलिस ने जिस शैलेन्द्र सिंह (सिम्मू) को दबोचा है,वह कोई नया खिलाड़ी नहीं है। वर्मा के अनुसार,शैलेन्द्र को पहले भी सतना में नशीली कफ सिरप के साथ पकड़ा जा चुका है,लेकिन दबाव के कारण पुलिस उस पर कोई कड़ी कार्रवाई नहीं कर सकी। उन्होंने तीखे शब्दों में कहा कि क्षेत्र में नशे के खतरनाक कारोबार को राजनीतिक संरक्षण मिल रहा है,जिससे यह नेटवर्क लगातार फल-फूल रहा है। क्षेत्र में नशे के कारोबार को राजनीतिक संरक्षण मिलने से नेटवर्क लगातार सक्रिय है। कल्पना वर्मा ने जोर देकर कहा कि शैलेन्द्र सिंह को पहले भी सिंहपुर थाना क्षेत्र में नशीली दवाओं के मामले में पकड़ा गया था,बावजूद इसके उसके अवैध कार्य नहीं रुके। पूर्व विधायक ने मांग की है कि इस पूरे नेटवर्क की गहन जांच हो,ताकि 'बड़े लोगों' की भूमिका सामने आ सके और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके।

## मैहर कोतवाली ने अपराधियों को दी सख्त चेतावनी



**मैहर।** मैहर कोतवाली पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के सभी निगरानी एवं गुण्डा लिस्टेड आरोपियों को बुलाकर सभी प्रकार के अपराध से दूर रहने को लेकर समझाइस दी गई,साथ ही सभी को सख्त हिदायत देते हुए कहा गया की अगर आपके द्वारा किसी भी प्रकार की अपराध से जुडी गतिविधि या अपराध करने का प्रयत्न भी किया जाता है तो आपके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएेगी। अपराधी चाहे कोई भी हो बख्शा किसी को भी नहीं जायेगा।

## पुलिस ने पकड़ी शराब



**मैहर।** पुलिस की बड़ी कार्यवाही अवैध शराब कारोबारियों को देर रात पुलिस ने रेड कार्रवाई करते हुए पकड़ा। पकड़े हुए आरोपियों में श्रीराम चौरसिया पिता रतन चौरसिया निवासी चौरसिया मोहल्ला पुरानी बस्ती मैहर से 650 पाव गोवा शराब कुल 117 लीटर कीमती 65000 रुपए एवं अमित चौरसिया पिता कमलेश चौरसिया निवासी चौरसिया मोहल्ला एवं अजय चौधरी पिता विश्वनाथ चौधरी निवासी करिया पानी से 250 पाव अंग्रेजी गोवा,200 पाव देसी शराब जब्त कर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

## नेशनल लोक अदालत 13 दिसंबर को, बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण में होंगे समझौते

**सतना।** नेशनल लोक अदालत 13 दिसंबर 2025 (शनिवार) को आयोजित होगी। लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अन्य अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। विद्युत अधिनियम 2003 धारा 135 के अंतर्गत विद्युत चोरी के लंबित प्रकरणों एवं विशेष न्यायालयों में विचाराधीन प्रकरणों के निराकरण के लिए विद्युत उपभोक्ताओं एवं उपयोगकर्ताओं से अपील की गई है कि वे अप्रिय कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें। विद्युत वितरण कम्पनियों द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि धारा 135 के अंतर्गत विद्युत चोरी के बनाए गए लंबित प्रकरण एवं अदालत में लंबित प्रकरणों का निराकरण के लिये निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू,समस्त कृषि,5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को प्रकरणों में ही छूट दी जाएगी। प्रि-लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छःमाही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। प्रि-लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छःमाही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी। कंपनी ने कहा है कि नेशनल लोक अदालत में छूट कुछ नियम एवं शर्तों के तहत दी जाएगी जो आंकलित सिविल दायित्व राशि 10 लाख रूपये तक के प्रकरणों के लिए सीमित रहेगी। यह छूट मात्र नेशनल लोक अदालत 13 दिसंबर 2025 को समझौते करने के लिये ही लागू रहेगी।

## शैलेंद्र सिंह जैसे अधिकारी जन मानस में हमेशा याद रखे जाएंगे: अरुण तनय

मैहर



मैहर जिले के पूर्व एडीएम एवं वर्तमान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह का विगत दिनों मैहर प्रवास हुआ। इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी अरुण तनय मिश्र अशासकीय विद्यालय संघ संरक्षक संजय गुप्ता,संजय जादवानी,छोटू मैनी,प्रकाश अग्रवाल,दीपक नंदा,आनंद वर्मन आदि ने तहसीलदार जितेंद्र पटेल व एसडीओ वन विभाग की गरिमामयी उपस्थिति में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी अरुण तनय मिश्र ने कहा कि श्री सिंह के सहज,सरल,हंसमुख एवं प्रभावी व्यक्तित्व में जो अपनापन प्राप्त हुआ अविस्मरणीय है। कर्तव्य परायणता उनमे हमेशा मिली। समस्याओं के निराकरण में उनमें सभी के प्रति एक समान द्रष्टिकोण मिला। उनमें बहुमुखी प्रतिभा विद्यमान रही। प्रशासन से निर्देशित अन्य सामाजिक कार्यों के लिए उनमें गहरी समझ विद्यमान रही। समस्याओं का निदान कैसे करना है तथा सामाजिक कार्य किसके सहयोग से पूरा होगा इसकी पहचान का अद्वितीय सामर्थ्य रहा। अमीर,गरीब सभी की समस्याओ के प्रति वे संवेदनशील रहे। जनसमस्याओं के निदान से उन्हें विशिष्ट पहचान मिली। ऐसे अधिकारी जनमानस में हमेशा याद रखे जाते हैं जो अपनी कार्यकुशलता से अपनी पहचान बनाते हैं। मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी व जिला कलेक्टर के कुशल मार्गदर्शन एवं अन्य बुद्धिजीवियों के आत्मीय सहयोग से शैलेंद्र सिंह के कुशल कार्यशैली से मैहर जिले को सामूहिक राष्ट्रगान व मां शारदा जी के चरणों तक चूनर यात्रा में एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड जैसे दो-दो रिकार्डो का गौरव मैहर जिले को हासिल हुआ।

**समय-सीमा प्रकरणों की बैठक संपन्न**

## सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में गति लायें-कलेक्टर

सतना



सोमवार को समय-सीमा पत्रकों की बैठक में कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने सभी संबंधित अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों को संतुष्टिपूर्ण निराकरण में गति लाने के निर्देश दिये हैं।उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में संतुष्टिकरण निराकरण पर फोकस कर प्रयास करें और जिले की स्थिति को बेहतर स्थान पर बनाये रखें। इस अवसर पर आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना,सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह,अपर कलेक्टर विकास सिंह सहित जनपद सीईओ तथा विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में सतना जिले का 19 वां स्थान है। 50 दिवस से अधिक की लंबित शिकायतों की विभागवार एवं विकास खण्डवार समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने जिन विभागों अथवा विकासखण्ड अधिकारियों की अधिक शिकायतें लंबित है। उनका 7 दिवस का वेतन काटने तथा शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों का निराकरण कराना सुनिश्चित करें। जिससे जिले की स्थिति टॉप 10 में आये। स्वरोजगार मेला और स्वरोजगार योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि सभी संबंधित विभाग और बैंकर्स अपनी योजनाओं में अपेक्षित प्रगति लायें। कलेक्टर ने कहा कि जिन विभागों द्वारा दिसम्बर 2025 तक शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण कर लिया जायेगा। उन्हें 26 जनवरी को पुरूस्कृत किया जायेगा। पीएम स्वनिधि योजना में प्रगति लाने के निर्देश दिये। आरआरसी की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने बताया कि कुल 5097 आरआरसी प्रकरण लंबित है। जिन्हें तहसीलवार प्रकरण भेजकर डिमाण्ड नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने नगरीय निकाय संस्थाओं से कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में तीनों फेस की योजनाओं में सुधार दिखना चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि इसी हफ्ते सडक सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की जायेगी। समय-सीमा पत्रकों के प्रकरणों की समीक्षा कलेक्टर ने की। अन्य विभागों से समन्वय और अंतरविभागीय विषयों पर सतना-रीवा रेल लाइन दोहरीकरण सहित रेल्वे के मुद्दे,जल संसाधन,नर्मदा घाटी विकास(बरगी नहर),राष्ट्रीय राजमार्ग,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी,जल निगम,प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना,एमपीआरडीसी से संबंधित अंतरविभागीय समन्वय के मुद्दों पर चर्चा की गई।

## बरहिया,मैहर व पिपरहट के समीप सक्रिय हुआ खनिज माफिया



**मैहर।** मैहर जिले में खनिज संपदा अपार भण्डार है जिसका दोहन खनिज माफिया कर सरकार को करोड़ों रुपयों का चूना हर वर्ष लगा रहे है जिस पर खनिज अधिकारी परदा डालने का कार्य कर रहे है।इसी तरह लगभग 10 एकड़ बिना लीज की जमीन में अवैध उत्खनन करने के बाद खनिज माफिया एक बार फिर पहाड़ क्षेत्र के पिपरहट के समीप बिना लीज के भूभाग में अवैध उत्खनन करने के लिए सक्रिय हो चुका है। बताया जाता है कि खनिज माफिया के द्वारा अपनी पूरी मशीनरी मौके पर लगा रखी है और उत्खनन का कार्य भी चालू कर दिया गय है। बताया जाता है कि पूर्व में किए अवैध उत्खनन को खुला छोड़ नई जगह को बीहड़ बनाने में सक्रिय हो चुका है। ग्रामीणों का कहना है कि इस स्थान पर अवैध उत्खनन नहीं चलेगा इसलिए तत्काल प्रभाव से कार्यवाही सुनिश्चित कर मौके में मौजूद मशीनरी को जप्त कर किए गए अवैध उत्खनन की राशि कर वसूली की जानी चाहिए।

### इनका कहना है

इस संबंध में खनिज अधिकारी ने कहा कि किसी का भी अवैध उत्खनन नहीं चलने दिया जायेगा, बिना लीज के उत्खनन गंभीर अपराध है त्वरित कार्यवाही की जाएगी।

**सतीश मिश्रा,खनिज अधिकारी मैहर**

## छात्रों को गलतियां बताने एवं सुधार कराने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

डाइट कटनी की टीम द्वारा शैक्षिक उन्नयन के लिए विद्यालयों की परिणाम मूलक मॉनिटरिंग लगातार की जा रही है। इसी क्रम में शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला जुहला में अकादमिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान, प्राचार्य श्रीमती एमपी डुंगडुंग द्वारा कक्षा 6 के बच्चों के समक्ष ग्लोब की अवधारणा का प्रदर्शन किया गया। मूल्यांकन प्रभारी डाइट फैकेल्टी राजेंद्र असाटी द्वारा छात्रों की अभ्यास पुस्तिकाओं एवं एड ग्रेड पुस्तिकाओं का अवलोकन किया गया। साथ ही संबंधित शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को कॉपियों की जांच करते हुये समय हुए छात्रों को उनकी त्रुटि से अवगत कराने एवं सुधार करने हेतु निर्देश दिए गए। कक्षा 5 का अकादमिक स्तर संतोषजनक पाया गया। फैकल्टी उमाशंकर सैनी ने कक्षा 3 में कुल 6 छात्रों का अंग्रेजी विषय में स्पेलिंग टेस्ट किया जिसमें सुधार की गुंजाईश पाई गई। डाइट फैकल्टी ज्योति श्रीवास्तव ने कक्षा चार में बच्चों से गणित एवं हिंदी विषय पर चर्चा की। गणित विषय में बच्चों से भिन्न पर बातचीत हुई। बच्चों के कॉन्सेप्ट्स क्लियर थे। हिंदी विषय में भी बच्चे पढ़ और समझ पा रहे थे प्रश्नों के जवाब भी दे रहे थे। हिंदी विषय का स्तर ठीक पाया गया। कक्षा आठ में बच्चों से गणित में वर्ग और वर्गमूल पर चर्चा की गई। उन बच्चों ने प्राथमिक कक्षाओं में वर्ग एक ऐसा चतुर्भुज जिसकी सभी भुजाएं बराबर हो, पढ़ा हुआ था तथा कक्षा आठ में शिक्षिका वर्ग को किसी संख्या का उसी संख्या में गुणा पढ़ा रही थी।

## कलेक्टर ने किया क्षय रोग के मरीजों को पोषण आहार किट का वितरण

सतना



सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर सतना डॉ.सतीश कुमार एस द्वारा रेडक्रास सोसायटी के सहयोग से क्षय रोग के 72 मरीजों को (फूड बास्केट) पोषण आहार किट का वितरण किया गया। इस मौके पर प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मनोज शुक्ला,रेडक्रास के सचिव डॉ.शरद दुबे,डॉ.नरेन्द्र शर्मा,क्षय रोग प्रभारी डॉ.पूजा गुप्ता,जिला सलाहकार अभिषेक सिंह, रेडक्रास के पदाधिकारी तथा क्षय रोग विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। क्षय रोग प्रभारी डॉ.पूजा गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत कम्युनिटी सपोर्ट के तहत रेडक्रास सोसायटी द्वारा फूड बास्केट पोषण आहार किट वितरित की गई। टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत टीबी की विरूद्ध लडाई में जनभागीदारी को बढावा देने के लिये समस्त जनमानस से निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों को अतिरिक्त सहायता प्रदान की जा सकती है। उन्होने बताया कि ऐसे में कोई भी व्यक्ति जो कि टीबी मरीजों की सहायता करना चाहता है वह निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों को पोषण किट प्रदान कर सकता है।

## खबर संक्षेप

### मनौर में क्षय रोग उन्मूलन की दिशा में बड़ी पहल, 52 संभावित टीबी रोगियों की पोर्टेबल एक्स-रे मशीन से जांच



**पन्ना।** जिले के मनौर सब सेंटर क्षेत्र में 8 दिसम्बर 2025 को आयोजित टीबी स्क्रीनिंग कैंप ने स्वास्थ्य जागरूकता और जन-कल्याण की दिशा में एक सराहनीय मिसाल पेश की। जिला क्षय अधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार यादव के मार्गदर्शन में हुए इस शिविर में 52 संभावित टीबी रोगियों की पोर्टेबल एक्स-रे मशीन से मुफ्त जांच की गई, जो ग्रामीण क्षेत्रों में समय पर पहचान और उपचार सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। इस सफल आयोजन में सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर दिनेश सिंह, सीनियर ट्रीटमेंट लैब सुपरवाइजर अमरेश शर्मा, साई आशिष हेल्थ केयर मैनेजमेंट के काउंसलर चंदन सिंह यादव, सीएचओ श्रीमती अनुपमा शर्मा और आशा कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। यह पहल न सिर्फ समय पर टीबी की पहचान में मदद करेगी, बल्कि गांव के लोगों को स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य देने की दिशा में एक मजबूत कदम साबित होगी।

### विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर 10 दिसम्बर को

**पन्ना।** म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी संभाग पन्ना द्वारा बुधवार, 10 दिसम्बर को पन्ना शहर वितरण केन्द्र धरमसागर में जिला स्तरीय विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर लगाया जाएगा। शिविर का समय दोपहर 12 से 2 बजे तक निर्धारित है। विद्युत कंपनी के कार्यपालन अभियंता द्वारा सभी विद्युत उपभोक्ताओं से शिविर में अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर बिजली बिल, मीटर, लाइन तथा अन्य विद्युत संबंधी शिकायतों का त्वरित समाधान कराने का आग्रह किया गया है।

### नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को किया गया गिरफ्तार



**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा पन्ना जिले के सभी थाना/चौकी प्रभारियों को अपहत बालक-बालिकाओं की शीघ्र एवं अधिक से अधिक दस्तयाबी हेतु विशेष निर्देश दिए गए हैं। निर्देशों के अनुपालन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान तथा जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) के मार्गदर्शन में थाना-स्तर पर विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया । इसी क्रम में थाना सलेहा में दर्ज अप.क्र. 295/25 धारा 137(2) बी.एन.एस. के अपहरण प्रकरण में पुलिस टीम द्वारा अपहृत नाबालिक बालिका को सुरक्षित दस्तयाब किया गया है । मामले में फरियादी द्वारा दिनांक 11.09.2025 को थाना सलेहा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी नाबालिक भतीजी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। रिपोर्ट पर थाना सलेहा में आरोपी के विरूद्ध अपहरण का अपराध क्रमांक 295/25 दर्ज किया जाकर विवेचना में लिया गया । मामले में थाना प्रभारी सलेहा उपनिरीक्षक बलबीर सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा अपहृता की तलाश हेतु सतत प्रयास किए गए तथा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया । सायबर सेल पन्ना से प्राप्त तकनीकी जानकारी एवं मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा अपहृता को सुरक्षित दस्तयाब किया गया । मामले में पीड़िता के बताये अनुसार आरोपी के विरूद्ध दुष्कर्म सहित पॉक्सो एक्ट की धाराओं का इजाफा किया जाकर आरोपी की तलाश हेतु प्रयास किये गये । आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया जिसके फलस्वरूप आज दिनांक 07.12.2025 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी बाहर जाने की फिराक में रोड पर खड़ा है । मुखबिर सूचना पर पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी को सथनिया मोड़, पवईदूसलेहा रोड से गिरफ्तार किया। आरोपी से पूँछताछ पश्चात विधि अनुसार कार्यवाही करते हुए उसे माननीय न्यायालय पन्ना में पेश किया गया, जहाँ से उसे जिला जेल पन्ना भेजा गया है ।

## अब एक साथ 19 पर्यटक ले सकेंगे जंगल सफारी का आनंद

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पन्ना नेशनल पार्क में 10 नई कैंटर बसों को दिखाई हरी झंडी

**पन्ना। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में पर्यटन की सुविधाओं में लगातार विस्तार किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पन्ना नेशनल पार्क के मड़ला गेट से 10 नई वीविंग कैंटर बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अब इन बसों के जरिए पर्यटक जंगल सफारी का रोमांचक अनुभव और अधिक सुविधाजनक तरीके से ले सकेंगे। मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम ने पर्यटकों को एक नई सौगात देते हुए प्रदेश के विभिन्न राष्ट्रीय उद्यानों में पर्यटन सुविधाओं के विस्तार की दिशा में अहम कदम उठाया है।**



जंगल सफारी के लिए 10 नई आरामदायक वीविंग कैंटर बसें उपलब्ध करायी हैं। इन कैंटर बसों में एक साथ 19 पर्यटकों के बैठने की क्षमता है। यह बसें अन्य सफारी वाहनों की तुलना में अधिक लंबी और ऊंची हैं, जिससे पर्यटकों को बेहतर दृश्य और अधिक आरामदायक यात्रा का अनुभव मिलेगा। बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए ये बसें अधिक सुरक्षित मानी जा रही हैं। इन बसों की लंबाई और ऊंचाई भी अधिक है, जिससे सफर के दौरान पर्यटकों को ज्यादा जगह और आराम मिलता है। वहीं बच्चों और सीनियर सिटिज़न्स के लिए यह बसें सुरक्षित और अनूठा अनुभव प्रदान करेंगी। इन बसों में बैठकर पर्यटक न केवल वन्यजीवों के विचरण का नज़ारा देख सकेंगे, बल्कि जंगल सफारी का एक सुखद और यादगार अनुभव भी ले सकेंगे। ऑनलाइन बुकिंग न होने पर पर्यटकों को मिलेगी पार्क राउंड की सुविधा 10 नई वीविंग कैंटर बसों के संचालन से उन पर्यटकों को बड़ी सुविधा मिलेगी, जो पहले ऑनलाइन बुकिंग न होने की वजह से जंगल सफारी का अनुभव नहीं ले पाते थे। इसके साथ ही ऑनलाइन स्लॉट जल्दी भर जाने से कई पर्यटक नेशनल पार्क पहुंचकर भी सफारी से वंचित रह जाते थे। नेशनल पार्क्स के एंट्री गेट से ही बुकिंग की सुविधा नई कैंटर बसों के संचालन के बाद अब पर्यटकों को नेशनल पार्क के गेट पर ही सफारी बुक करने की सुविधा मिलेगी। ऑनलाइन बुकिंग पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। इन वाहनों से जंगल सफारी का आनंद लेने के लिए प्रति व्यक्ति/प्रति राउंड लगभग 1150 से 1450 रूपए तक शुल्क देना होगा। यह 10 नई कैंटर बसें प्रदेश के प्रमुख नेशनल पार्कों और पर्यटन स्थलों जैसे बांधवगढ़, कान्हा, पेंच, पन्ना, परसिली (सीधी) सहित अन्य नेशनल पार्क्स और अन्य पर्यटन स्थलों में पर्यटकों की सुविधा के लिए संचालित की जाएंगी।

## कोतवाली थाना क्षेत्र की दो अपहृत बालिकाओं को किया दस्तयाब




### अपहृता के परिजनों द्वारा बालिका के सकुशल घर वापस लौटने पर पुलिस टीम को दिया गया धन्यवाद

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को अपहत बालक/बालिकाओं की अधिक से अधिक दस्तयाबी हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में थाना कोतवाली में दर्ज दिनांक 04.11.2025 को फरियादी द्वारा थाना कोतवाली में रिपोर्ट की गई कि उसकी नाबालिग बालिका को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर कहीं कर ले गया है फरियादी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 926/25 धारा 137(2) ठछै का कायम किया जाकर विवेचना मे लिया गया। थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा उक्त अपराध के संबंध में पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री मती निवेदिता नायडू को जानकारी दी गई पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा घटना को गंभीरता से लेते हुये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती वंदना सिंह एवं एसडीओपी पन्ना एस.पी. सिंह बघेल के मार्गदर्शन थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रोहित मिश्रा के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गठित की जाकर तत्काल अपहृता को दस्तयाब करने एवं आरोपी को गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार पुलिस टीम द्वारा संभावित स्थानों पर अपहृत की तलाश की गई एवं मुखबिर सूचना तथा सायबर सेल पन्ना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अपहृता बालिका को कस्बा पन्ना से दस्तयाब कर परिजनो को सुपुर्द किया गया। एक अन्य मामले में दिनांक 24.10.2025 को फरियादी द्वारा थाना कोतवाली में रिपोर्ट की गई कि उसकी नाबालिग बालिका को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर कहीं कर ले गया है फरियादी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 901/25 धारा 137(2) ठछै का कायम किया जाकर विवेचना मे लिया गया। थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा उक्त अपराध के संबंध में पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू को जानकारी दी गई पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा घटना को गंभीरता से लेते हुये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती वंदना सिंह एवं एसडीओपी पन्ना एस.पी. सिंह बघेल के मार्गदर्शन थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रोहित मिश्रा के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गठित की जाकर तत्काल अपहृता को दस्तयाब करने एवं आरोपी को गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार पुलिस टीम द्वारा संभावित स्थानों पर अपहृत की तलाश की गई एवं मुखबिर सूचना तथा सायबर सेल पन्ना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अपहृता बालिका को जिला आगरा उ.प्र, से दस्तयाब कर परिजनो को सुपुर्द किया गया। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना रोहित मिश्रा, उनि रचना पटेल, प्र.आर. वृषकेतु रावत, शिवस्वरूप तिवारी, खेमचन्द्र राय, जयपाल सिंह एवं पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना की सराहनीय भूमिका रही है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा टीम को पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है।

## भोपाल में ब्राह्मण समाज की विशाल जन आक्रोश रैली 14 को

**पन्ना। 14 दिसंबर को भोपाल चलो ब्राह्मण समाज की विशाल जन आक्रोश रैली प्रदेश के एक विवादित आईएएस अधिकारी द्वारा ब्राह्मण समाज की बेटियों को लेकर के जो अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया गया है।**



पूरे प्रदेश में उक्त विवादित आईएएस अधिकारी के खिलाफ ब्राह्मण समाज द्वारा प्रदर्शन किया जा रहे हैं लेकिन इसके बावजूद आज तक उक्त आई अधिकारी के खिलाफ कोई भी कार्यवाही नहीं की गई जबकि उक्त आईएएस अधिकारी न्यायालय के साथ भी धोखाधड़ी कर चुका है चार महिलाओं ने भी इसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। 6 महीने जेल भी रह चुका है भ्रष्टाचार द्वारा अपार संपत्ति भी अर्जित की जा चुकी है लेकिन इसके बावजूद इस व्यक्ति पर कोई कठोर कार्रवाई न होने से प्रदेश सरकार का संरक्षण भी इस व्यक्ति पर होना प्रतीत होता है वल्लभ भवन में बैठे अधिकारियों का भी संरक्षण संतोष वर्मा जैसे विवादित आईएएस अधिकारी पर है इसलिए बहन बेटियों के सम्मान की रक्षा के लिए भोपाल में संतोष वर्मा के खिलाफ 14 दिसंबर को एक विशाल रैली का आयोजन किया गया है जिसमें प्रदेश सरकार से यह मांग की जाएगी कि इस अधिकारी को गिरफ्तार करके पद से बर्खास्त किया जाए उसकी संपत्ति की जांच की जाए उसके पुराने प्रकरणों की भी जांच की जाए और उसके ऊपर किन अधिकारियों का किन नेताओं का संरक्षण है उसका भी खुलासा किया जाए आप सभी से विनम्र अनुरोध है कि 14 दिसंबर को भोपाल पहुंचकर के बहन बेटियों के सम्मान की रक्षा के लिए अपनी आवाज बुलंद करें।

## अजयगढ़ में खाद के लिए फिर संघर्ष! लंबी कतारों में खड़े 'अन्नदाता', कब मिलेगा समाधान?

**अजयगढ़।** धरती को सींचकर अनाज उगाने वाला अन्नदाता आज फिर संघर्ष की उसी कड़ी से गुजर रहा है, जिसे वह हर वर्ष झेलने को मजबूर है। कभी बारिश की मार, कभी मौसम की मार, और अब खाद की कमीकृक्या अन्नदाता की किस्मत में संघर्ष ही लिखा है? अजयगढ़ क्षेत्र के सरकारी व सहकारी खाद वितरण केंद्रों पर किसानों की लंबी-लंबी कतारें सुबह से ही देखने को मिल रही हैं। रबी सीजन की बुवाई के लिए खाद की आवश्यकता बढ़ गई है, लेकिन उपलब्धता कम होने के कारण किसान घंटों लाइन में खड़े रहने को मजबूर हैं। कई किसान रात में ही केंद्रों के सामने जगह बना लेते हैं ताकि सुबह खाद मिल सके, परन्तु सीमित स्टॉक के कारण बहुतों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि खेत तैयार हैं, बीज बोने को तैयार हैं, लेकिन खाद न मिलने से उनकी मेहनत रुक गई है। "हम अपने खून-पसीने से धरती को उपजाऊ बनाते हैं, लेकिन खाद के लिए हमें हर साल यूं संघर्ष करना पड़ता है। आखिर कब तक?"कृएक किसान ने अपनी पीड़ा व्यक्त की। बुजुर्ग किसानों का कहना है कि प्रशासन को समय रहते पर्याप्त खाद उपलब्ध कराना चाहिए, ताकि किसान तनावमुक्त होकर खेती कर सकें। वहीं महिलाओं और युवाओं ने भी कतारों में घंटों खड़े होने की मजबूरी पर नाराजगी जताई है।



अन्नदाता, जो देश का पेट भरता है, आज खाद की एक बोरी के लिए घंटों खड़ा हैकृयह तस्वीर न केवल चिंताजनक है बल्कि किसानों के हालात पर गंभीर सवाल खड़े करती है। क्या अन्नदाता की किस्मत में संघर्ष झेलना ही बदा है, या कभी ऐसा समय आएगा जब किसान सम्मान के साथ, बिना किसी अभाव के खेती कर सकेगा? किसानों की अपेक्षा है कि प्रशासन तत्काल कदम उठाकर खाद की आपूर्ति सुचारु करे, ताकि रबी की बुवाई प्रभावित न हो और उनकी मेहनत पर पानी न फिर जाए।

## बच्चों की परीक्षा के साथ सांसद खेल महोत्सव का हुआ शुभारंभ

**गुनौर।** विधानसभा मुख्यालय गुनौर में सोमवार से स्कूली बच्चों के अर्धवार्षिक परीक्षा प्रारंभ होने के साथ ही खेलों में रुचि रखने वाले बच्चों के लिए क्षेत्रीय सांसद द्वारा सांसद खेत महोत्सव का आयोजन खेल मैदान गुनौर में प्रारंभ किया गया जिससे कुछ बच्चों में उत्साह देखने को मिला है वहीं कुछ बच्चे मायूस भी नजर आए क्यों कि ज्यादातर सभी स्कूलों में अर्धवार्षिक परीक्षा की तारीख में सांसद खेल महोत्सव की तारीख एक ही होने के कारण बच्चों को खेल में भाग नहीं मिल सका। परीक्षाओं की तारीख पूर्व से निर्धारित थी परन्तु सांसद खेल महोत्सव की तारीख़ का ऐसे समय तय होना बच्चों को उत्साह की जगह मायूसी में ज्यादा देखा गया है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। छात्र छात्राओं एवं उनके अभिभावकों का कहना है कि यह सांसद खेल महोत्सव कम नेताओं के द्वारा औपचारिकता ज्यादा समझ में आ रहा है। परीक्षाओं के साथ सांसद खेल महोत्सव बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ लोगों को ज्यादा लग रहा है।





## सलेहा नगर में रचेगा नया इतिहास: पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव 2026 की तैयारियाँ चरम पर



**पन्ना।** जिले के सलेहा नगर में इस वर्ष आध्यात्म, संस्कृति और भव्यता का अद्वितीय संगम देखने को मिलेगा। श्री श्री 1008 आदिनाथ जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ का भव्य आयोजन 23 फरवरी 2026 से 2 मार्च 2026 तक होने जा रहा है, जो सलेहा के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय जोड़ने वाला है। इस महामहोत्सव को परम पूज्य राष्ट्रसंत गणाचार्य गुरुवर श्री 108 विराग सागर जी महा मुनिराज के परम मंगल आशीर्वाद प्राप्त हैं। साथ ही परम पूज्य पट्टाचार्य भगवन चर्या शिरोमणि आचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर जी महा मुनिराज अपने पावन सान्निध्य से इस आयोजन को दिव्यता प्रदान करेंगे। कार्यक्रम का संचालन एवं दिशा-निर्देशन परम पूज्या भारत गौरव गणिनी आर्यिका शिरोमणि गुरु माँ 105 विन्ध्य श्री माता जी के मार्गदर्शन तथा श्रमणी आर्यिका 105 विद्धत श्री माता जी की प्रेरणा से हो रहा है। उनके आध्यात्मिक नेतृत्व में यह महोत्सव भक्तों को आत्मकल्याण, शांति व आध्यात्मिक उत्थान की अनुभूति कराएगा। आयोजन स्थल विराग अयोध्या नगर, देवेन्द्रनगर रोड, सलेहा, जिला पन्ना (म.प्र.) पर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। विशाल धर्मसभा, शांति महायज्ञ, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और भक्ति के विविध कार्यक्रम इस आयोजन को अभूतपूर्व बनाएंगे। इस पुण्योपसर्ग के प्रमुख आयोजक सकल दिगम्बर जैन समाज, सलेहा (म.प्र.) हैं, जो इस ऐतिहासिक अवसर को जीवन्त और सफल बनाने में तन-मन-धन से जुटे हुए हैं। सलेहा में पहली बार इतने विशाल स्तर पर होने वाला यह आयोजन न केवल नगर की प्रतिष्ठा बढ़ाएगा, बल्कि जैन संस्कृति और अहिंसा के संदेश को दूर-दूर तक प्रसारित करेगा। यह महोत्सव आध्यात्मिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध होगा।

## किसानों को दी महत्वपूर्ण जानकारी, तरल उर्वरक का वितरण




**पन्ना।** इफको एवं कृषि विज्ञान केन्द्र पन्ना द्वारा संयुक्त रूप से गत दिवस विश्व मृदा दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वस्थ शहरों के लिए स्वास्थ्य मिट्टी की थीम पर आयोजित इस कर्यक्रम में मिट्टी के स्वास्थ्य और शहरी पर्यावरण पर इसके प्रभाव को रेखांकित किया गया। मुख्य अतिथि एवं पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष माधवेन्द्र सिंह ने उपस्थित छात्र एवं किसानों को उन्नत कृषि तकनीक अपनाने और मृदा को स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं कृषि विज्ञान केन्द्र प्रमुख डॉ. पी.एन. त्रिपाठी ने मृदा के गुण और प्रबंधन के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि स्वस्थ मृदा के बगैर हमारा भोजन और पर्यावरण दोनों ही प्रदूषित हो जाएगा। इसलिए मृदा स्वास्थ्य सुधार में सहयोग आवश्यक है। इफको के क्षेत्रीय प्रबंधक राजेश कुमार मौर्य ने किसानों को संतुलित उर्वरकों के प्रयोग पर जोर दिया। साथ ही नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, नैनो कॉपर एवं नैनो जिंक जैसे विशेष प्रकार के तरल नैनो उर्वरकों के उपयोग की सलाह भी दी। उन्होंने बताया कि ये उर्वरक बाजार में उपलब्ध पारंपरिक उर्वरकों की तुलना में बेहद कम कीमत पर उपलब्ध हैं और देश को आत्मनिर्भर बनाने में इफको के महत्वपूर्ण योगदान का प्रतिनिधित्व करते हैं। परियोजना संचालक आत्मा ए.पी. सुमन ने मृदा स्वास्थ्य सुधारने के लिए सभी वैज्ञानिक पहलुओं को अपनाने की सलाह दी। डॉ. रितेश जायसवाल ने दलहनी फसलों की प्रमुख बीमारियों के प्रबंधन के लिए बीज एवं मृदा उपचार सहित रोग प्रतिरोधक किस्मों और फसल चक्र को अपनाने की सलाह दी। डॉ. आर.पी. सिंह ने मृदा की संरचना को नष्ट होने से बचाने के लिए कम जुताई करने व हैप्पी सीडर एवं सुपर सीडर जैसी आधुनिक मशीनों के उपयोग के बारे में बताया। रितेश बगोरा द्वारा भी सही पोषण प्रबंधन में मदद के लिए किसानों को मृदा परीक्षण के लाभों से अवगत कराया गया। उपस्थित छात्रों ने भी कार्यक्रम में अपने विचार प्रस्तुत किए। इफको द्वारा उपस्थित किसानों को पौधों के विकास में सहायक सागरिका एवं अन्य नैनो आधारित तरल उर्वरक का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला विपणन अधिकारी एस.एल. धुर्वे भी उपस्थित रहे।



### नगर परिषद अमानगंज ने नदी घाट पर चलाया सफाई अभियान

अमानगंज नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सारिका शारदा खटीक और मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशि कपूर गढ़पाले के निर्देशानुसार नगर परिषद अमानगंज सफाई कर्मचारियों ने मिढासन नदी पुलघाट की सफाई करते हुए स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान नगर परिषद अमानगंज सफाई दरोगा काशीराम वाल्मीकि और उनके साथ में चंद्रभान यादव, अजय वाल्मीकि उपस्थित रहे ।

## अमानगंज में कलेक्टर के आदेश की अनदेखी

### नो-एंट्री के बावजूद नगर में बेधड़क दौड़ रहे भारी वाहन



**अमानगंज। नगर में बड़े वाहनों के प्रवेश पर लगाए गए प्रतिबंध के बाद भी हालात नहीं सुधर रहे हैं। पन्ना कलेक्टर द्वारा बीते दिनों सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक नगर सीमा में भारी वाहनों के आवागमन पर सख्त रोक के आदेश जारी किए गए थे। इसके बावजूद अमानगंज नगर में तेज रफ्तार से बड़े वाहन धड़ल्ले से दौड़ते देखे जा रहे हैं।** स्थानीय नागरिकों ने बताया कि मुख्य मार्गों पर लगाए गए नो-एंट्री बोर्डों का वाहन चालक खुलकर उल्लंघन कर रहे हैं। भारी वाहनों की आवाजाही से न सिर्फ जाम की समस्या पैदा हो रही है, बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी लगातार बना हुआ है। भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों से गुजरते ट्रक, डंपर और ट्रेलर स्कूली बच्चों और राहगीरों के लिए खासा जोखिम पैदा कर रहे हैं। नगरवासियों ने प्रशासन और पुलिस से मांग की है कि कलेक्टर के आदेशों का सख़्ती से पालन कराते हुए नगर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाया जाए। वहीं, लोगों का कहना है कि यदि स्थिति ऐसी ही बनी रही तो किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता।

## खबर संक्षेप

### टीआई आत्म हत्याकाण्ड की मुख्य आरोपी आशी राजा को जमानत



**छतरपुर।** बहुचर्चित सिटी कोतवाली थाना प्रभारी टीआई अरविंद कुजूर आत्महत्या प्रकरण में लंबे समय से जेल में बंद मुख्य आरोपी आशी राजा उर्फ शिवांगी सिंह परमार को आखिरकार राहत मिल गई है। जबलपुर उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति राजेंद्र कुमार बानी की अदालत ने आशी राजा की जमानत मंजूर कर दी। करीब 9 महीनों से न्यायिक हिरासत में रहने के बाद आशी राजा को यह राहत मिली है। इस मामले के अन्य आरोपी सोनू राजा को पूर्व में ही जमानत मिल चुकी है। गौरतलब है कि टीआई अरविंद कुजूर ने कुछ माह पूर्व अपनी सर्विस रिवॉल्वर से गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। घटना के बाद पुलिस की जांच में आशी राजा सहित अन्य आरोपियों पर गंभीर आरोप लगाए गए थे, जिसके चलते उन्हें गिरफ्तार किया गया था। हाईकोर्ट द्वारा जमानत मिलने के बाद अब मामले की अगली सुनवाई और न्यायिक प्रक्रिया पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

### बकस्वाहा-छतरपुर मार्ग पर कंटेनर और ट्रक की भिड़ंत, स्टेट हाईवे तीन घंटे से बंद



**बक्स्वाहा।** बकस्वाहा से करीब चार किलोमीटर दूर छतरपुर मार्ग पर सोमवार दोपहर एक बड़ा हादसा हो गया। कच्चे तेल से भरा कंटेनर और परचून सामग्री से लदा ट्रक आमने-सामने टकरा गए। हादसे के बाद कंटेनर से निकला तेल पूरे सड़क पर फैल गया और बहते हुए किनारे के खेतों तक जा पहुंचा। दोनों क्षतिग्रस्त वाहन सड़क पर ही गिर जाने से स्टेट हाईवे करीब तीन घंटे से पूरी तरह बंद है। वहीं राहत की बात ये रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। सूचना मिलते ही बकस्वाहा पुलिस मौके पर पहुंची और सड़क को सुचारू करने का प्रयास जारी है। परचून से भरा कंटेनर दिल्ली से संबलपुर (उड़ीसा) जा रहा था, जबकि कच्चे तेल से भरा टैंकर भिलाई से गाजियाबाद (उत्तरप्रदेश) की ओर जा रहा था। हादसे में सड़क किनारे स्थित किसान लक्ष्मीनारायण यादव, निवासी डंगरई, के लगभग 5 एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल तेल फैलने से खराब हो गई, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। वहीं दोनों भारी वाहनों के नुकसान से भी लाखों की क्षति बताई जा रही है।


### रामसनेही शर्मा का निधन



**छतरपुर।** केशव शर्मा रामहित शर्मा, रमेश शर्मा एवं सुरेश शर्मा के पिता रामसनेही शर्मा का 6 दिसम्बर को दुखद निधन हो गया।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की समीक्षा

# हर पात्र हितग्राही तक खाद्यान्न योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचना सुनिश्चित होः मुख्यमंत्री



**छतरपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को खजुराहो स्थित कन्वेंशन सेंटर में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि हर पात्र हितग्राही तक खाद्यान्न वितरण का लाभ सुगमता से पहुंचे। जरूरतमंद गरीबों, श्रमिकों, किसानों और महिलाओं का कल्याण हमारी प्राथमिकता है। बैठक में मुख्य रूप से लक्षित सार्वजनिक प्रणाली, उपार्जन प्रक्रिया, तकनीकी नवाचार, सिंहस्थ 2028 की तैयारियों सहित विभिन्न विषयों पर रिव्यू किया गया। इस दौरान डॉ. यादव ने विभाग द्वारा किए गए नवाचारी प्रयासों की सराहना की, वहीं अन्य विषयों पर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। बैठक में विभाग द्वारा पात्र हितग्राहियों के ई-केवाइसी एवं राइट फुल टारगेटिंग कार्य की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि यह प्रक्रिया नियमित अंतराल में दोहराई जाए, ताकि प्रत्येक पात्र हितग्राही को निःशुल्क खाद्यान प्राप्त हो सके। उल्लेखनीय है कि खाद्य संचालनालय द्वारा वृहद स्तर पर कैंपेन मोड में ई केवाइसी एवं राइट फुल टारगेटिंग का कार्य किया गया था। जिसमें चरण वार हितग्राहियों के वेरीफिकेशन के बाद 34 लाख से अधिक हितग्राहियों का पोर्टल से विलोपन किया गया। वहीं इस प्रक्रिया से प्रतीक्षा सूची से लगभग 14 लाख हितग्राहियों को नवीन पात्रता पर्ची जारी कर निःशुल्क खाद्यान का वितरण किया जा रहा है।

समीक्षा बैठक में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई एवं श्रीमती रश्मि अरुण शमी सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

**प्राथमिकता श्रेणी बनाकर 25.18 लाख नवीन श्रमिकों को निःशुल्क वितरण -**
बैठक में बताया गया कि ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत श्रमिकों को निःशुल्क राशन का लाभ मिल सके, इसके लिए असंगठित एवं प्रवासी श्रमिकों की 29वीं प्राथमिकता श्रेणी बनाकर 7.25 लाख परिवारों के 25.18 लाख नवीन श्रमिकों को पात्रता पर्ची के माध्यम से निःशुल्क राशन वितरित किया जा रहा है। दो वर्ष में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में 5.25 करोड़ से अधिक पात्र हितग्राहियों को 19,935 करोड़ रुपये का 66.37 लाख मीट्रिक टन निःशुल्क खाद्यान्न वितरण किया गया। पीडीएस प्रदाय केंद्रों की संख्या में भी बढ़ोतरी की गई। प्रदेश में खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 में शामिल 536.23 लाख पात्र हितग्राहियों में से 93त्न यानी 497.08 लाख हितग्राहियों का ई-केवाईसी पूर्ण किया जा चुका है। वहीं, प्रतीक्षारत 14 लाख नवीन पात्र हितग्राहियों को पात्रता पर्चियां जारी कर निःशुल्क खाद्यान्न दिया जा रहा है।

**किसानों को एमएसपी के लाभ के साथ बोनस राशि भी मिली -**
किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिले इसके लिए प्रदेश सरकारी द्वारा रबी विपणन वर्ष 2024-25 और 2025-26 में एमएसपी पर गेंहू बेचने वाले किसानों को 29558.40 करोड़ रुपये की एमएसपी राशि और 1965 करोड़ रुपये के बोनस का भुगतान किया गया है। वहीं खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को 19208.76 करोड़ रुपये की एमएसपी राशि एवं 337.11 करोड़ की प्रोत्साहन राशि का भुगतान मुख्यमंत्री कृषि उन्नति योजना के अंतर्गत किया गया है। चावल उत्पादक किसानों को लाभ पहुंचाते हुए वर्ष 2024-25 में 9.64 लाख मीट्रिक टन चावल का केन्द्रीय पूल में रिकार्ड परिदान किया गया। सरकार द्वारा भंडारण क्षमता को भी बढ़ाया गया है।

**लाडली बहनों को भी मिल रहा उज्जवला योजना का लाभ -**
मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना अंतर्गत सम्मिलित महिलाओं और प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की कनेक्शनधारी महिलाओं को दो साल में 616.97 लाख रिफिल प्रदाय कर 911.32 करोड़ रुपये के अनुदान का भुगतान किया गया है। समीक्षा बैठक में बताया गया कि शहरी गैस वितरण को मजबूत बनाने के लिए मध्यप्रदेश शहरी गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क विकास एवं विस्तार नीति 2025 इस वर्ष 14 फरवरी को लागू की गई। साथ ही एनओसी जारी करने के लिए सिंगल विण्डो पोर्टल शुरू किया गया। इस पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूसन नेटवर्क के कार्य को अभियान के रूप में चलाने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि इससे उपभोक्ताओं को लाभ होगा। इससे अधिक से अधिक लोगों को जोडऩे का कार्य करें।

**नवचार-एसएमएस मॉनिटरिंग से राशन प्रदाय व्यवस्था को बनाया और पारदर्शी -**
विभाग द्वारा बीते दो वर्ष में नवाचार के कई कदम उठाए गए। इसके तहत राशन प्रदाय व्यवस्था को पारदर्शी बनाते हुए हितग्राहियों तक राशन पहुंचने और वितरण संबंधी हर कदम की सूचना एसएमएस द्वारा दी जा रही है। इसके अलावा 26 जनवरी और 2 अक्टूबर को ग्राम सभाओं में राशन वितरण का सार्वजनिक वाचन अनिवार्य किया गया है। सार्वजनिक प्रदाय में नवाचार करते हुए इंदौर जिले की 30 उचित मूल्य की दुकानों को जन पोषण केंद्र के रूप में बदला गया है, जिसके माध्यम से दुकानदारों की मासिक आय में भी 10 से 15 हजार रुपये तक की वृद्धि हुई। जल्द ही प्रदेश के अन्य जिलों में भी इसका विस्तार किया जाएगा। मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना के वाहनों में जीपीएस के माध्यम से स्टेट लेवल कमाण्ड कन्ट्रोल सेंटर से मॉनिटरिंग की व्यवस्था की गई। इसके अलावा मध्यप्रदेश वेयर हाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक कार्पोरेशन की गतिविधिर्या की रियल टाईम मानिटरिंग के लिए माईश्वर एप, फ्यूमिगेशन एप तथा इंस्पेक्शन एप विकसित किए गए हैं।

**उचित मूल्य की दुकानों पर लगेंगी पीओएस मशीनें -**
समीक्षा बैठक में विभाग द्वारा आगामी तीन वर्ष की कार्ययोजना के बारे में बताया गया कि राशन वितरण व्यवस्था को अधिक तेज और पारदर्शी बनाते हुए उचित मूल्य दुकानों पर आधुनिक पीओएस मशीन लगाई जाएगी, जिसमें पीओएस मशीन से तौल कांटे का इंटिग्रेशन एवं आईरिस स्केनर का प्रावधान है। लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत स्मार्ट पीडीएस योजना का क्रियान्वयन किया जाएगा। इसके अलावा शासकीय गोदामों की छत पर सोलर पैनल लगाने, भण्डारण प्रक्रिया का मॉर्डनाइजेशन और गोदामों का अपग्रेडेशन करने के साथ उन्नत तकनीकी की सहायता से विभिन्न स्तरों पर डेटा सिंक्रोनाइजेशन के कार्य भी किए जाएंगे।

**सिंहस्थ-2028 में अखाड़ों के लिए जारी होंगे अस्थायी राशन कार्ड -**
सिंहस्थ-2028 के लिए खाद्यान्न सामग्री के वितरण के लिए तैयार की गई योजना की जानकारी भी बैठक में दी गई। अधिकारियों ने बताया कि खाद्य विभाग, मध्यप्रदेश राज्य सहकारी नागरिक आपूर्ति निगम, मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन सहयोग से समन्वित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। अखाड़ों की मांग के अनुसार अस्थायी राशन कार्ड जारी किया जाएगा। साथ ही, मेला क्षेत्र में 40 उचित मूल्य दुकानों की स्थापना की जाएगी। यह व्यवस्था सुचारू रहे इसलिए मेला क्षेत्र को 8 जोन और 16 सेक्टर में विभाजित मध्यप्रदेश राज्य सहकारी नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा भंडारण के लिए गोदामों की स्थापना की जाएगी।

# गरौली में जमीन विवाद को लेकर मारपीट

### भाजपा ग्रामीण मोर्चा अध्यक्ष समेत 5 पर जानलेवा हमला



**नौगांव।** थाना क्षेत्र के ग्राम गरौली में सोमवार सुबह लगभग 11 बजे भारतीय जनता पार्टी के ग्रामीण मोर्चा पिछड़ा वर्ग मंडल अध्यक्ष राजेश यादव पर जानलेवा हमला किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार राजेश यादव अपने निर्माणाधीन मकान का कार्य देखने पहुंचे थे, तभी गांव के ही राजू यादव, अमन सिंह यादव, गुलाब सिंह यादव, लक्ष्मी प्रसाद यादव, रिंकू यादव, सोनू यादव सहित 4-5 महिलाओं ने कथित रूप से घात लगाकर उन पर हमला कर दिया।

बताया गया कि आरोपियों ने लाठी-डंडों, सब्बल और कुल्हाडिय़ों से हमला किया, जिसमें राजेश यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर वहां पहुंचे उनके छोटे भाई विक्रम यादव पर भी आरोपियों ने हमला कर दिया, जिससे उन्हें सिर में गंभीर चोटें आईं। घटना के दौरान जब कृष्णकांत, माधव यादव, धर्मेंद्र और ललन नारायण बचाव हेतु आगे बढ़े तो उन पर भी जानलेवा हमला किए जाने का आरोप है। हमले में कुल पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनके सिर सहित शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं।

घायलों को तत्काल नौगांव अस्पताल लाया गया, जहां बीएमओ डॉ. रविंद्र पटेल, डॉ. गुप्ता सहित मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर सभी घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। गंभीर हालत देखते हुए परिजन उन्हें आगे झांसी मेडिकल कॉलेज ले गए।

घटना की जानकारी लगते ही नौगांव थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में मामला जमीन विवाद से जुड़ा होना सामने आया है। जिस भूमि पर राजेश यादव का मकान निर्माण हो रहा था, उस पर आरोपियों का भी दावा बताया जा रहा है, जिसके चलते पहले से विवाद चल रहा था। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## संगीतमय श्रीमद्भागवत आज से, 3 बजे प्रारंभ होगी कलश यात्रा

**छतरपुर ।** एक सप्ताह तक चलने वाली संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा आज से चेतगिर कॉलोनी में हनुमान जी के मंदिर के सामने होने जा रही है। कथा वाचक पं. भगवती प्रसाद कौशिक अपनी अमृतमयी वाणी द्वारा कथा का वाचन करेंगे। कथा दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होकर शाम 7 बजे तक चलेगी। कलश यात्रा मंगलवार को दोपहर 3 बजे चेतगिर मंदिर से प्रारंभ होगी। जो जवाहर मार्ग, चेतगिर कॉलोनी तथा सीताराम कॉलोनी के मुख्य मार्गों से गुजरेगी। कलश यात्रा पश्चात श्रीमद् भागवत कथा का वाचन आचार्य श्री द्वारा किया जाएंगा। जिसमें श्रीमद्भागवत माहात्म्य, ज्ञान वैराग्य भाक्ति चरित्र, धुन्धकारी उद्धार, श्री शुकदेव जी का प्राकट्य तथा परीक्षित जन्म की कथा होगी। सभी कथा प्रेमियों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ प्राप्त करते हुए कथा का आनंद उठाएं।

## एनसीएल में वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह 2025 का हुआ शुभारंभ



सोमवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) में वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह 2025 का शुभारंभ हुआ। एनसीएल में 8 दिसंबर से 17 दिसंबर 2025 तक वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह 2025 आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान एनसीएल की सभी 10 खदानों एवं सिंगरौली परिक्षेत्र की विभिन्न खदानों का निरीक्षण किया जाएगा। मुख्यालय में आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एनसीएल निदेशक (वित्त), रजनीश नारायण ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम के दौरान निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना) आशुतोष द्विवेदी, खान सुरक्षा महानिदेशालय, गाजियाबाद से वाई. लक्ष्मी श्रीनिवास, डीडीएमएस (इलैक्ट्रिकल) एवं अनिल कुमार चौधरी, डीडीएमएस (मैकनिकल), कंपनी जेसीसी सदस्य- सीएमएस से अजय कुमार, आरसीएसएस से लाल पुष्पराज सिंह एवं राम प्रताप सिंह, बीएमएस से नामित प्रतिनिधि, प्रयाग लाल वैश, एचएमएस से अशोक कुमार पांडे, सीएमओएआई सचिव, सर्वेश सिंह, मुख्यालय के महाप्रबंधकगण/विभागाध्यक्ष एवं अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान अपने उद्बोधन में रजनीश नारायण ने एनसीएल की अनुशासन, संवेदनशीलता और मानव मूल्य आधारित सुरक्षा कार्य संस्कृति की सराहना करते हुए 'सुरक्षा प्रथम, सुरक्षा सदैव' के सिद्धांत के साथ कार्य करने हेतु आह्वान किया। इसके अलावा उन्होने कंपनी के नवाचारी, पारदर्शी एवं बहुविषयक आईटी आधारित सुरक्षा इस अवसर पर उपस्थित कर्मियों ने वैधानिक प्रावधानों का पालन करते हुए सुरक्षा और स्वास्थ्य के प्रति समर्पित रहने और उसके अनुरूप प्रेरणादायक अभिवृत्तियों एवं आदतों का विकास करने के संबंध में शपथ ली। गौरतलब है कि एनसीएल की सभी परियोजना और इकाइयों में भी उत्साह के साथ वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह 2025 का उद्घाटन किया गया। इस सप्ताह के दौरान सुरक्षा जागरूकता से सम्बंधित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाने की योजना है।

# कलेक्टर से छात्रा के साथ हुई मारपीट एवं अभद्रता मामले में निष्पक्ष जांच की मांग



### छात्र संगठन ने कलेक्टर कार्यालय में सौंपा आवेदन

**छतरपुर।** गल्ला मंडी वेयरहाउस पर खाद वितरण के दौरान छात्रा गुड्डिया पटेल और कुछ किसान महिलाओं के साथ शासकीय अधिकारियों द्वारा कथित रूप से की गई मारपीट और अभद्रता को लेकर मामला तूल पकड़ता जा रहा है। बताया जाता है कि वायरल वीडियो के बाद कुछ शासकीय अधिकारी छात्रा गुड्डिया पटेल के घर पहुंचे और कथित तौर पर उन पर दबाव बनाकर अधिकारियों के पक्ष में एक वीडियो भी रिकॉर्ड कराया। इस पूरे प्रकरण ने छात्रों और किसानों में रोष पैदा कर दिया है। इसी को लेकर शुक्रवार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर के नाम एक लिखित आवेदन सौंपा। आवेदन में मांग की गई है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, दोषी अधिकारियों पर तत्काल सख्त कार्रवाई हो और पीड़ित छात्रा को न्याय दिलाया जाए। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष विवेक अग्रवाल ने कहा कि एक छात्रा और महिलाओं के साथ इस तरह का व्यवहार अत्यंत निंदनीय है और शासन-प्रशासन को मामले को गंभीरता से लेकर त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए। आवेदन सौंपने वालों में संदीप पटेल, आईटी सेल जिलाध्यक्ष अश्वनी मिश्रा, जीतेन्द्र पटेल, राजा बहादुर सिंह, अभिषेक पटेल, हरिराम, मंगल, नीली, अनिल, सोहन, प्रदीप, सौरभ शुक्ला, रोहित पटेल सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आरएलआई विंध्याचल में "ट्रेन द ट्रेनर्स" कार्यक्रम का सफल आयोजन

निरंतर क्षमता विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आरएलआई विंध्याचल द्वारा भारतीय प्रशिक्षण एवं विकास सोसायटी (ISTD) के सहयोग से तीन दिवसीय "ट्रेन द ट्रेनर्स" प्रमाणन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एनटीपीसी विंध्याचल और सिंगरौली से कुल 23 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य उन्नत प्रशिक्षण कौशल, संरचित कार्यप्रणालियों, अनुभव आधारित शिक्षण और आधुनिक ट्रेनिंग तकनीकों को सशक्त बनाना रहा।

कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ श्री संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि "सीखने की कोई उम्र या सीमा नहीं होती" तथा एनटीपीसी की निरंतर क्षमता निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि कर्मचारी ही एनटीपीसी की सबसे बड़ी पूंजी हैं और सभी को जीवनपर्यंत सीखने की सोच अपनानी चाहिए।

अपने स्वागत उद्बोधन में डॉ. देवास्मिता त्रिपाठी, अपर महाप्रबंधक(आरएलआई) ने भारतीय प्रशिक्षण एवं विकास सोसायटी (ISTD) के प्रतिष्ठित फैकल्टी और प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए बताया कि यह कार्यक्रम भारतीय प्रशिक्षण एवं विकास सोसायटी ISTD के परामर्श से विशेष रूप से इस प्रकार डिज़ाइन किया गया है कि कंटेंट क्रिएशन, ऑडियंस एंगेजमेंट और डिलीवरी इफेक्टिवनेस को और अधिक मजबूत किया जा सके।

कार्यक्रम में वरिष्ठ भारतीय प्रशिक्षण एवं विकास सोसायटी (ISTD) विशेषज्ञ — डॉ. अनीता मधोक, डॉ. युगल रायलू, डॉ. अर्पिता दत्ता तथा डॉ. बाबूनायडू त्यागराज ने प्रशिक्षण डिज़ाइन, व्यवहारिक अंतर्दृष्टि, संचार कौशल और शिक्षण सिद्धांतों पर इंटरैक्टिव सत्रों का संचालन किया। प्रायोगिक गतिविधियों, प्रदर्शन और नवाचारपूर्ण उपकरणों के माध्यम से प्रतिभागियों को आत्मविश्वासी एवं प्रभावी प्रशिक्षक बनने के लिए सशक्त किया गया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण के सफल समापन पर सभी प्रतिभागियों को भारतीय प्रशिक्षण एवं विकास सोसायटी (ISTD) द्वारा प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

# कार्यपालन यंत्री पी.एच.ई का सात दिवस का वेतन कटौती करें – बैनल

### कलेक्टर ने समय सीमा बैठक में अनुपस्थित रहने वाले दो अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने दिए निर्देश



**सिंगरौली। समय सीमा की बैठक में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी रतिपाल ठाकुर एवं डी.पी.सी आर एल शुक्ला को कारण बताओ नोटिस जारी एवं पूर्व में सीएम हेल्पलाइन के रैंकिंग सुधार लाने हेतु नोटिस जारी होने के बावजूद भी कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग त्रिलोक सिंह वरकड़े का सात दिवस का वेतन काटने का निर्देश कलेक्टर गौरव बैनल के द्वारा दिए गए। विदित हो कि कलेक्टर गौरव बैनल के अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समय सीमा की बैठक आयोजित हुई।**

बैठक के दौरान डी.पी.सी शिक्षा विभाग एवं प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी के अनुपस्थित होने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिए एवं कहा कि समय सीमा बैठक महत्वपूर्ण बैठक है । जिसमें शासन एवं जिले की प्राथमिकता से संबंधितबिंदुओं के क्रियान्वयन से संबंधित पहलुओं पर चर्चा की जाती है। साथ ही टी.एल. हेतु जो महत्वपूर्ण आवेदन प्राप्त होते है उनके त्वरित निराकरण की आवश्यकता होती है ऐसे महत्वपूर्ण बैठक में जिला अधिकारियों को बैठक में उपस्थित होना अनिवार्य होता है ताकि शासन के मंशानुरूप कार्य पूर्ण हो सके। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि विभागीय अधिकारी जिनके विभाग से सम्बंधित भ्रामक खबरें सोशल मीडिया या अन्य प्लेटफॉर्म चैनलों समाचार पत्रों मेंचलाई या प्रकाशित की जाती हैं। उसके खंडन हेतु वस्तुस्थित की जानकारी तत्काल जनसंपर्क विभाग में दिया जाना सुनिश्चित करें।

संबंधित चैनलों या समाचार पत्रों को वस्तुस्थित की सही जानकारी दी जा सके। इससे प्राथमिकता के आधार पर जिला अधिकारी गंभीरत के साथ लिया जाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने आई.टी.आई प्राचार्य को निर्देश दिए कि विगत दिवस आयोजित जिला स्तरीय रोजगार मेला में चयनित हुए उम्मीदवारों को सम्बंधित कम्पनियों से समन्वयन कर ज्वाइनिंग प्रक्रिया पूर्ण कराकर पालन प्रतिवेदन दिया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कृषि विभाग के उपसंचालक को निर्देश दिए कि किसानों को उचित मूल्य पर खाद प्राप्त हो एवं किसानों को किसी भी प्रकार की खाद बीज की कमी नआने पाए।

कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए कि शहर की स्ट्रीट लाइटें जो बंद है उन्हें सही कराएं। तथा अमृत योजना के तहत सप्लाई किए जा रहे पेय जल की पाईप क्षतिग्रस्त होने के कारण कुछ स्थलों परपानी का बहाव हो रहा है अभियान चला कर क्षतिग्रस्त पाइपों का सुधार किया जाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने धान उपार्जन केंद्रों की समीक्षा करते हुए सम्बंधित विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि केंद्रों में सही नापतोल, नमी जांच की मशीन के साथ साथ शुद्धता की जांच करने वाली मशीनों की व्यवस्थाओं के साथ साथ किसानों के बैठने एवं पेयजल की व्यवस्था के साथ ही केंद्रों परिवहन भी कराया जाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि निःशुल्क कोचिंग क्लासेस जो प्रारंभ कराए गए है संबंधित विद्यालयों के प्राचार्यो से समन्वयन स्थापित कर सुचारू रूप से बनाए रखें। सीएम हेल्पलाइन में 50 दिवस 100 दिवस के लंबित आवेदनों के साथ साथ समाधान के बिंदुओं में चयनित आवेदन पत्रों के निराकरण की प्रगति जानकारी विभागवार लेने के पश्चात ऐसे विभागीयअधिकारी जिनके द्वारा लक्ष्य के अनुरूप निराकरण नहीं किया जा रहा है उनके प्रति नाराज़गी व्यक्त किए वहीं ऐसे विभागीय अधिकारी जिनके द्वाराआवेदनों के निराकरण में अच्छी प्रगति लाई गई है उनकी प्रशंसा किएवही लक्ष्य के अनुरूप निराकरण नहीं करने वाले जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि संतुष्टि पूर्वक निराकरण कर तीन दिवस के भीतर पालन प्रतिवेदन दिया जाना सुनिश्चित करें। बैठक के अंत में कलेक्टर ने जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकरी योजनाओं का पत्र हितग्राहियों को लाभ दिलाया जाना सुनिश्चित करें।बैठक के दौरान संयुक्त कलेक्टर संजीव पांडे, प्रशांत त्रिपाठी, एसडीएम सुरेश जाधव, सौरभ मिश्रा, नंदन तिवारी, डिप्टी कलेक्टर माईकल तिर्की, सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहें।

**खबर संक्षेप**

## रीवा शहर में एसआईआर के बैकुंठपुर कस्बे में हुआ हादसा

रीवा। सड़क पर खड़े ट्रक से पीछे से आया तेज रफ्तार से बाइक सवार टकरा गया। घटना रीवा- सिरमौर मार्ग पर बैकुंठपुर कस्बे में रविवार की दोपहर हुई। हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए जिन्हे उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक बाइक सवार युवक अमन शुक्ला पिता राघवराम शुक्ला 19 वर्ष निवासी ग्राम पाली थाना बैकुंठपुर बाइक से आ रहा था इसी दौरान बाइक सवार अनियंत्रि हो गई और पैदल चल रहे वृद्ध से टकराते हुए ट्रक के पीछे जा टकराई। अचानक हुए इस हादसे में बाइक सवार अमन को गंभीर चोट पहुंची वहीं पैदल जा रहा रामदास कोल पिता केठन कोल 60 वर्ष निवासी बैकुंठपुर भी घायल हो गए। सड़क किनारे खड़े सीमेंट लोड से बाइक की टक्कर के बाद अमन के सिर और हाथ पैर में गंभीर चोट आई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना बैकुंठपुर पुलिस को दी जिसके बाद मौके पर पहुंची डायल 112 ने घायलों को संजय गांधी अस्पताल पहुंचाया। बताया गया कि घटना में घायल दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है।

## कोहनी के नीचे से हाथ अब्सेंट पर कृत्रिम अंग का निःशुल्क हो रहा है वितरण



रीवा । मध्यप्रदेश शासन के एनएचएम और इनाली फाउंडेशन के समन्वय से निःशुल्क कृत्रिम अंग वितरित किये जा रहे हैं। जिन व्यक्तियों के कोहनी के नीचे से हाथ अब्सेंट है ऐसे प्रोस्थेटिक हितग्राहियों को निःशुल्क कृत्रिम अंग इनाली फाउंडेशन भोपाल के सहयोग से लगाए जा रहे हैं। इस संबंध में जिला शीघ्र हस्तक्षेप प्रबंधक एनएचएम विष्णु प्रताप सिंह ने आमजनों से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति के संज्ञान में कोई भी ऐसा हितग्राही हो तो उसे लाभ दिलाने के लिए तत्काल जानकारी भेजें। हितग्राही किसी भी उम्र (बच्चा, युवा, वृद्ध) का हो वह लाभान्वित हो सकता है। हर वर्ग के व्यक्ति को निःशुल्क लाभ दिलाया जाएगा। जिन व्यक्तियों के हाथ किसी बीमारी या दुर्घटना में कट गए हों अथवा जन्म से हाथ नही हो उन्हें इसका लाभ मिलेगा। यह लाभ पंजीयन कराने पर पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा। पंजीयन के लिए हितग्राही का नाम, आधार कार्ड तथा फोटो आवश्यक है। यह जानकारी व्हाट्सएप नम्बर 9926004216 पर भेजकर पंजीयन कराया जा सकता है।

## समाजसेवी द्वारा मरीजों के लिए प्रदान किए गए गद्दे और कंबल

रीवा । जिला चिकित्सालय तथा संजय गांधी चिकित्सालय के मरीजों के लिए समाजसेवी मो.शहीद अंसारी मेसर्स शाही बिल्डर्स द्वारा गद्दे और कंबल प्रदान किए गए। समाजसेवी द्वारा जिला चिकित्सालय में सिविल सर्जन डॉ प्रतिभा मिश्रा को 30 गद्दे तथा 15 कंबल प्रदान किए गए। मौके पर उपस्थित जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ के बी गौतम ने इसे सराहनीय पहल बताया। शहीद अंसारी शाही बिल्डर्स द्वारा संजय गांधी चिकित्सालय में भी मरीजों के लिए 30 गद्दे तथा 15 कंबल प्रदान किये गये। संजय गांधी चिकित्सालय के उप अधीक्षक डॉ यत्नेश त्रिपाठी को गद्दे और कंबल सौंपे गये। इस अवसर पर अर्जुन तिवारी, सतीश सिंह, डॉ वीडी त्रिपाठी, सौरव पाण्डेय, आदित्य सिंह, इमाम मंसूरी, उदय सिंह खालिद, मोहित शुक्ला, दलवीर सिंह सहित अन्य चिकित्सक तथा अधिकारीकर्मचारी मौजूद रहे।

## कर्मचारी नेता केशव मिश्रा मोराई के निधन से क्षेत्र में शोक

रीवा। हमेशा कर्मचारियों के हक की लड़ाई लड़ने वाले कर्मचारी संघ के पूर्व प्रांताध्यक्ष केशव प्रसाद मिश्रा मोराई का बीते दिनों 84 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। स्व. मिश्र लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम अनंतपुर मोराई में किया गया,जिसमें शुभचिंतकों,ग्रामीणों एवं परिवारजनों ने अंतिम विदाई दी। केशव मिश्रा अपने कुशल व्यवहार एवं नेतृत्व क्षमता के चलते सबके प्रिय थे। स्व. मिश्र के निधन पर उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने शोक संवेदना व्यक्त की है, वहीं कर्मचारियों ने भी इस दुख की घड़ी में परिवार को शक्ति प्रदान करने ईश्वर से प्रार्थना की है। स्व. मिश्र अपने पीछे पुत्र उदय मिश्रा,संजय मिश्रा,उपेंद्र मिश्रा सहित भरा पूरा परिवार छोड़कर पंचतत्व में विलीन हो गए।

## संबंध में सूची में नाम शामिल होने एवं अन्य जानकारी के संबंध में केन्द्र स्थापित

रीवा । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिभा पाल के निर्देश पर रीवा शहर में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य (एसआईआर) के संबंध में सूची में नाम शामिल होने एवं अन्य जानकारी के संबंध केन्द्र स्थापित किये गये हैं।

### सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण के लिए चलाएं अभियान - कलेक्टर

# लंबित शिकायतों का 10 दिनों में अनिवार्य रूप से करें निराकरण

रीवा।



कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सभी जिला स्तरीय तथा खण्ड स्तरीय अधिकारी इस माह दर्ज सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। इसके साथ-साथ 50 दिनों से अधिक समय से लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकृत करें। लंबित आवेदनों के निराकरण के लिए आगामी 10 दिनों तक विशेष अभियान चलाकर सभी प्रकरणों का निराकरण कराएं। कार्यालय प्रमुख आवेदकों से प्रतिदिन स्वयं चर्चा करें। लंबित प्रकरणों में तथ्यपूर्ण प्रतिवेदन दर्ज करें। मांग आधारित आवेदनों तथा लेबल तीन में लंबित आवेदनों के निराकरण पर भी विशेष ध्यान दें। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सभी एसडीएम और तहसीलदार प्राकृतिक आपदा में सहायता राशि, आम रास्ते में अतिक्रमण और विवाद तथा हैण्डपंपों पर अवैध कब्जे की सभी शिकायतों का तीन दिवस में निराकरण करें। अतिक्रमण हटाने के लिए समुचित पुलिस बल के साथ कार्यवाही करें। निर्माण कार्यों में स्थगन के बावजूद यदि कोई व्यक्ति उसका उल्लंघन कर रहा है तो एफआईआर दर्ज कराकर कार्यवाही करें। किसान सम्मान निधि से लाभान्वित शेष किसानों के फोन नम्बर लेकर उनकी फार्मर रजिस्ट्री कराएं। सभी राजस्व अधिकारी आरसीएमएस में दर्ज राजस्व प्रकरणों का तय समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें। प्रधानमंत्री आवास योजना के पट्टे से संबंधित आवेदन पत्रों का भी एक सप्ताह में निराकरण करें। कलेक्टर ने कहा कि जिला आपूर्ति अधिकारी खाद्यान्न पर्ची से जुड़ी शिकायतों का निराकरण करें। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी पात्र हितग्राहियों की खाद्यान्न पर्ची स्वीकृत कराएं। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की विकासखण्डवार निराकरण की समीक्षा करें। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही करें। कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास छात्रवृत्ति तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से जुड़ी शिकायतों का निराकरण करें। अधीक्षण यंत्री विद्युत विभाग प्रत्येक सब स्टेशन में शिविर लगाकर बिजली बिल तथा बिजली की आपूर्ति से जुड़ी शिकायतों का निराकरण करें। जिला शिक्षा अधिकारी तथा पेंशन अधिकारी सेवानिवृत्त शिक्षकों के स्वत्वों के भुगतान से संबंधित प्रकरणों का निराकरण कराएं। बैठक में कलेक्टर ने उच्च शिक्षा विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, नगर निगम, नगरीय निकाय, वित्त विभाग, पशुपालन विभाग, शिक्षा विभाग, पीएचई, श्रम विभाग सहित विभिन्न विभागों में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की।बैठक में कलेक्टर ने कहा कि उद्यम क्रांति योजना तथा अन्य रोजगारमूलक योजनाओं के बैंकों में लंबित प्रकरण सात दिवस में स्वीकृत और वितरित कराएं। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना तथा ग्रामीण आजीविका मिशन के प्रकरणों को भी अग्रणी बैंक प्रबंधक स्वीकृत कराएं। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी 9 दिसम्बर तक दो वर्ष की विभागीय उपलब्धियों की जानकारी परियोजना अधिकारी जिला पंचायत को उपलब्ध कराएं। बैठक में सड़क दुर्घटना में पीड़ति को सहायता उपलब्ध कराने, खनिजों के अवैध उत्खनन तथा परिवहन पर कार्यवाही एवं समूह नलजल योजना से पानी की आपूर्ति के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए गए। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सीएमओ, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास तथा विभिन्न विभागों के जिला एवं खण्ड स्तर के अधिकारी उपस्थित रहे।



## बोदाबाग शिविर में 291 मरीजों की हुई स्वास्थ्य जांच

रीवा ।

कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशों के अनुसार रीवा नगर निगम के विभिन्न वार्डों में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा संजीवनी क्लीनिक में निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाए जा रहे हैं। इस क्रम में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बोदाबाग में आयोजित शिविर में 291 रोगियों की जाँच की गई। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने बताया कि शिविर में बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाओं की जाँच की गई। इसके साथ-साथ संभावित क्षय रोगियों, डायबिटीज, ब्लडप्रेशर, कैंसर तथा अन्य रोगों से पीड़तिों की भी निःशुल्क जाँच की गई। शिविर में रोगियों को स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं तथा सेवाओं की जानकारी दी गई। शिविर में पात्र आवेदकों के आयुष्मान कार्ड बनाकर उसका वितरण किया गया। शिविर में वार्ड पार्षद श्री सतीश सिंह, नोडल अधिकारी शहरी क्षेत्र डॉ केबी गौतम, जिला प्रबंधक राघवेन्द्र मिश्रा, पीएचएम सौरभ पाण्डेय तथा बड़ी संख्या में मरीजों के परिजन उपस्थित रहे।

## नियम विरूद्ध पदस्थ प्रयोगशाला परिचारक पंकज श्रीवास्तव को मूल पद में भेजे जाने की मांग

### कार्यवाही न होने पर 15 दिसम्बर से सहयोगियों के साथ धरने पर बैठेंगे- मुन्द्रिका प्रसाद त्रिपाठी

रीवा।

देश बचाओ आध्यात्मिक राष्ट्रीय पुनर्जागरण अभियान के राष्ट्रीय प्रचारक मुनिद्रका प्रसाद त्रिपाठी 'विश्वमित्र', संरक्षक विपिन कुमार सिंह, मार्गदर्शक उमाकान्त पाण्डेय, वरिष्ठ सहयोगी रामेश्वर गुप्ता एवं सहयोगी दशरथ शुक्ला ने जारी संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि लगातार सोशल मीडिया समाचार पत्रों में वायरल हो रहे वीडियो में कलेक्ट्रेट कार्यालय मऊगंज मे अटैच पंकज श्रीवास्तव के खिलाफ भ्रस्टाचार की संलिप्तता उजागर हो रही है, जिन्हें मूल विभाग मे वापस कर आरोपो की जांच की जानी चाहिए जो अभी तक नही हुई जबकी जिलहड़ी पंचायत प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुये निलम्बन, बर्खास्तगी की भी कार्यवाही की गई, किन्तु छात्रावास के वार्डन द्वारा सीधे पंकज श्रीवास्तव के ऊपर घूसखोरी का आरोप लगने के बाद भी किसी भी प्रकार की कार्यवाही न होना कार्यालय का दोहरा मापदण्ड प्रदर्शित करता है। उपरोक्त आरोप देश वचाओ अभियान के पदाधिकारियों द्वारा रीवा कलेक्टर को दिये गये पत्र के माध्यम से लगया जा रहा है। उन्होंने ने कहा की पकंज श्रीवास्तव का मूल पद प्रयोगशाला परिचारक है जो अपनी पैठ बनाकर कलेक्टर के निज सचिव बन कर कलेक्ट्रेट मऊगंज में अंगद की तरह पैर जमाये हुये हैं, जबकि नियम विरूद्ध अटैच किये गये, इनके खिलाफ कई शिकायतें शासन, प्रशासन को प्रेषित की जा चुकी है, किन्तु इस प्रकरण मे पता नहीं किस कारण प्रशासन पूरी तरह पंगु नजर आ रहा है, जिससे जिले का आम जनमानस पूरी तरह स्तब्ध है। नियम विरूद्ध तैनात एवं भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे स्थानीय व्यक्ति को तत्काल पदांकित संस्था की ओर मुक्त कर वायरल वीडियो की समुचित जांच कराकर दोषियों को दण्डित कर युवा शहीद केदारनाथ की कर्मभूमि मऊगंज को भ्रष्ट्राचारी चारागाह के मकड़जाल से बचायें अन्यथा पंद्रह दिसम्वर से कार्यालयीन समय में अनिश्चित कालीन धरना दिया जायेगा जिससे शासन, प्रशासन की भारी फजीहत होगी जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी प्रशासन की होगी। असत्य, अधर्म, अन्याय तथा भ्रष्ट्राचार के खिलाफ यदि आवाजें बन्द रही तो आने वाली पीढ़ी पेटू, अंधी और गूंगी हो जायेगी। त्यागियों, तपस्यियों, बलिदानियों, विभिन्न अवतारों की यह पुण्य भूमि शैतानों की बस्ती नजर आयेगी। देश वचाओ अभियान के उक्त पत्र मे मुख्यमंत्री म0प्र0 शासन, कमिश्नर रीवा संभाग रीवा एवं अनुविभागीय अधिकारी मऊगंज को भी आवेदन पत्र मे प्रतिलिपि मे दिया गया।

## नव पदस्थापित प्रदूषण नियंत्रण अधिकार पर महिला उत्पीड़न के आरोप

**रीवा।** मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के रीवा कार्यालय में हाल ही में पदस्थ किए गए क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी संजीव मेहरा एक बार फिर विवादों में आ गए हैं। उन पर महिला सहकर्मियों के साथ अभद्रता और उत्पीड़न से जुड़े गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इस संबंध में पर्यावरण विभाग की उप सचिव वर्षा सोलंकी ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव ए.ए. मिश्रा को पत्र भेजकर मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उप सचिव को भेजे गए पत्र में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की ओर से एक शिकायती आवेदन प्राप्त होने का उल्लेख है, जिसमें अधिकारी के विरुद्ध कई गंभीर आरोप दर्ज हैं। रीवा में हाल ही में हुई उनकी पदस्थापना के बाद यह मामला और गरमाता दिख रहा है बता दे संजीव मेहरा की रीवा पदस्थापना से पहले वे सिंगरौली सहित विभिन्न जिलों में कार्यरत थे। बताया जाता है कि सिंगरौली में भी एक महिला कर्मचारी ने उनके खिलाफ उत्पीड़न संबंधी शिकायत दर्ज कराई थी, जिसकी जांच रिपोर्ट में अधिकारी को तत्काल अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने की अनुशंसा की गई थी। इसी प्रक्रिया के तहत उन्हें रीवा भेजा गया। अब रीवा आने के बाद दोबारा विवाद खड़ा होने से कार्यालय में कर्मचारियों के बीच भय का वातावरण बताया जा रहा है। कुछ कर्मचारियों ने भी अलग से शिकायतें की हैं, जिनमें अधीनस्थों के साथ दुर्व्यवहार और कार्यस्थल पर अनुचित आचरण जैसे आरोप शामिल हैं। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में महिला उत्पीड़न से जुड़े आरोपों की निष्पक्ष जांच करने की मांग की गई है। इसी आधार पर विभाग ने सदस्य सचिव से तथ्यों की पुष्टि कर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा है। बता दे रीवा संभागीय मुख्यालय होने के कारण यहां वरिष्ठ अधिकारियों की पदस्थापना विशेष महत्व रखती है। ऐसे में आरोपों से घिरे अधिकारी की तैनाती पर कई प्रश्न खड़े हो रहे हैं। नाम ना बताने के शर्त में कर्मचारियों का कहना है कि पूर्व में हुए विवादों को देखते हुए कार्यालय में भय और असहजता की स्थिति बनी हुई है।

# जानलेवा हमले का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे फरार आरोपी पर घोषित था 25 सौ का इनाम



रीवा।

**सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत चाकू व लात घूसो से जानलेवा हमले के मामल में फरार आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा है। फरार आरोपी की तलाशी पर 25 सौ रुपए का इनाम घोषित था।**

बताया गया कि अलग अलग दो मामलों में न्यायालय एक स्थाई व एक गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। सिविल लाइन पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 14 अगस्त को फरियादी राम प्रसाद यादव पिता स्व. रामस्वरूप यादव 40 वर्ष निवासी ग्राम अमिलकी थाना गोविंदगढ़ के साथ आरोपी लकी साकेत, लवी, ओमकार रजक व अन्य आरोपियों ने जानलेवा हमला किया था। आरोपी जान से मार देने की नीयत से चाकू वह लात घुसो से मारपीट किए थे। शिकायत के बाद पुलिस नेआरोपियों के विरुद्धधारा 296,115(2), 109(1),3(5) बीएनएस का प्रकरण दर्ज किया था। पुलिस ने पूर्व में आरोपी लकी उर्फ शिवम साकेत व मोनू कुशवाहा को गिरफ्तार किया था जबकि मामले के अन्य 04 नफर आरोपी फरार थे, आरोपियों की पता तलाश की जा रही थी। पुलिस ने रविवार को आरोपी ओमकार रजक को दीनदयाल धाम के पास घेराबंदी कर पकड़ा है। पकड़ा गया आरोपी ओमकार रजक पिता सुरेंद्र रजक उम्र 25 वर्ष निवासी दीनदयाल धाम को पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।



## डिप्टी सीएम ने रीवा में जल जीवन मिशन एवं हिनौती गौधाम विकास कार्यों की समीक्षा

रीवा ।

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में रीवा जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जारी कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि ग्राम पंचायतों के समन्वय से छोटी बसाहटों में भी पेयजल आपूर्ति से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण किया जाए। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि हर घर तक नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल पहुँचाने के लक्ष्य को साकार करने में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के बीच प्रभावी समन्वय महत्वपूर्ण है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने हिनौती गौधाम के विकास कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने शेड निर्माण के प्रस्ताव को क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप पुनरीक्षित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि गौवंश विहार को नैचुरल फॉर्मिंग (प्राकृतिक खेती) के मॉडल पर उन्नयन किया जाना है, इसके लिए हर संभव सहयोग एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाये। बैठक में अपर मुख्य सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्रीमती दीपाली रस्तोगी; प्रमुख सचिव, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी पी. नरहरि; एमडी मध्यप्रदेश जल निगम वी. एस. चौधरी, संचालक पंचायत छोटे सिंह सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## मतदाता सूची के सत्यापन कार्य के संबंध में वीडियो कांफ्रेसिंग संपन्न



**मऊगंज।** फोटो निर्वाचक नामावली के गहन पुनरीक्षण कार्य के संबंध में मतदाता सूची में सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि आगामी चार दिनों में शत प्रतिशत सत्यापन करां ताकि सूची पूर्णतः शुद्ध रहे। वीडियो कान्फ्रेसिंग में निर्देश दिये गये कि अनुपस्थित, सिफ्टेड, डुप्लीकेट तथा रिजेक्टेड मतदाताओं के नाम सूची में सत्यापित कर मतदान केन्द्र कर इसकी पुष्टि भी करें साथ ही बीएलओ द्वारा किये गये एसआईआर कार्य के पुख्ता सबूत भी रखें। इस अवसर पर बताया गया कि मतदाता सूची से नाम कटने वाले मतदाताओं के स्पष्ट प्रमाण भी रखें तथा ली गई मैपिंग को रेण्डम चेक भी करें। राजनैतिक दलों के साथ बूथ लेवल पर बैठकें करने, सूची का वाचन करने के साथ ही मैपिंग में की गई त्रुटि के सुधार के निर्देश वीडियो कान्फ्रेसिंग में दिये गये। कलेक्ट्रेट मऊगंज में इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर संजय कुमार जैन, अपर कलेक्टर पी.के. पाण्डेय सहित सभी एआरओ उपस्थित रहे।

## रतनगवां हायर सेकेंडरी स्कूल में यातायात प्रभारी ने छात्रों को दिए सड़क सुरक्षा के महत्वपूर्ण टिप्स

मऊगंज

ज़िले के रतनगवां हायर सेकेंडरी स्कूल में आज एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मऊगंज यातायात प्रभारी ने छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना था।यातायात प्रभारी ने विद्यार्थियों को सड़क पर पैदल चलते समय सावधानियाँ बरतने के नियम बताए। उन्होंने ज़ेब्रा क्रॉसिंग का उपयोग, सड़क पार करते समय दोनों दिशा में देखकर



चलना, मोबाइल फोन का प्रयोग न करना और ट्रैफिक सिग्नल को प्राथमिकता देने जैसी महत्वपूर्ण बातें समझाईं।इसके साथ ही दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने की अनिवार्यता पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि हेलमेट केवल चालान से बचने का साधन नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा है। उन्होंने उदाहरणों के साथ बताया कि हेलमेट दुर्घटना के समय गंभीर चोटों से बचाता है और कई बार जीवन भी बचा सकता है।कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों ने भी बच्चों को यातायात नियमों का पालन करने और अपने परिजनों को भी इसके लिए प्रेरित करने की सलाह दी। छात्रों ने इस जागरूकता सत्र को ध्यानपूर्वक सुना और सड़क सुरक्षा से जुड़े कई सवाल भी पूछे।स्कूल प्रबंधन ने बताया कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों में यातायात जागरूकता को और बढ़ाया जाएगा।